अनुक्रमांक .......................

कोड नं० – S8HN801

# केन्द्रीय विद्यालय संगठन, पटना संभाग

# सत्रांत परीक्षा, 2018-19

कक्षा – अष्टम

हिन्दी

क्र. सं. 2579

समय – 2½ घंटे ]

[ पूर्णांक – 80

**सभी प्रश्न अनिवार्य हैं । उपान्त के अंक पूर्णांक के द्योतक हैं ।**

**खंड - क**

1. दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 1 × 5 = 5

विद्यार्थी काल की तुलना कच्ची मिट्टी के लोंदे से की जा सकती है । कच्ची मिट्टी को तोड़-मरोड़कर उससे कुछ भी बनाया जा सकता है । यह बनाने वाले पर निर्भर करता है कि वह कुछ कुरूप बनाता है या रूपवान । ठीक उसी प्रकार अपने मन-मस्तिष्क को मोड़कर विद्यार्थी भी अपने-आप को चाहे जैसा बना ले । मूलतः विद्यार्थी जीवन में जोश तो बहुत रहा करता है, पर होश कम ही रहता है । जोश के वशीभूत होकर वह कई बार अपने घर परिवार, समाज और देश के लिए मुसीबतें खड़ी कर देता है । अतः विद्यार्थी का यह परम कर्तव्य हो जाता है कि वह व्यर्थ के विषयों, फालतू बातों की ओर ध्यान न देकर अपने परम लक्ष्य अध्ययन और शिक्षा पर ही सारा ध्यान केंद्रित रखे । विद्या-अध्ययन के बल पर स्वयं को अच्छा व सुयोग्य बनाने का प्रयत्न करें ।

(i) विद्यार्थी जीवन की तुलना किससे की गई है ?

(ii) विद्यार्थी किसके लिए मुसीबत खड़ी कर देता है ?

(iii) विद्यार्थी को इस काल का लाभ किस तरह उठाना चाहिए ?

(iv) गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए ।

(v) 'सुयोग्य' में से उपसर्ग तथा मूल शब्द अलग-अलग करके लिखिए ।

2. दिए गए काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 1 × 5 = 5

पावस ऋतु थी, पर्वत प्रदेश
पल-पल परिवर्तित प्रकृति-वेश
मेखलाकार पर्वत अपार
अपने सहस्त्र दृग-सुमन फाड़,

***Turn Over***

Scanned by CamScanner

अवलोक रहा है बार-बार
नीचे जल में निज महाकार,
-जिसके चरणों में पला ताल
दर्पण-सा फैला है विशाल !
गिरि का गौरव गाकर झर-झर
मद में नस-नस उत्तेजित कर
मोती की लड़ियों-से सुंदर
झरते हैं झाग भरे निर्झर !

(i) तालाब की समानता किस से की गई है ?

(ii) यहाँ किस ऋतु और किस प्रदेश का वर्णन है ?

(iii) पर्वत को क्या करते हुए चित्रित किया गया है ?

(iv) झरनों का झाग कैसा है ?

(v) ‘मेखलाकार’ शब्द में उचित संधि-विच्छेद ‘कौन-सा( है ?

( क ) मेखला + कार ( ख ) मेखला + आकार

( ग ) मेख + लाकार ( घ ) मेखल + आकार

3. (i) नीचे दिए गए शब्दों का मानक हिंदी रूप लिखिए - 2
ग्यान, जीभि, पाऊँ, आँखि

(ii) विलोम शब्द लिखिए - 1
शीत, श्वेत

(iii) दिए गए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए - 2
चंद्रमा, रवि

(iv) निम्नलिखित मुहावरों का वाक्य में प्रयोग कीजिए - 2
आँखों से ओझल होना, अंतिम साँस गिनना

(v) निम्नलिखित उपसर्ग से दो-दो शब्द बनाइए - 2
आ, प्र

(vi) निम्नलिखित शब्दों के एक से अधिक अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए - 2
वंश, बस

Scanned by CamScanner

(vii) निम्नलिखित शब्दों में संज्ञा-भेद बताइए - 1½
बदलू, गाँव, पढ़ाई

(viii) दिए गए वाक्य में रेखांकित पद में प्रयुक्त कारक बताइए - 1½
हम पाँच मित्रों ने तय किया कि शाम चार बजे की बस से चले ।

(ix) यमक अलंकार का एक उदाहरण लिखिए । 1

(x) निम्नलिखित समस्त पदों का विग्रह करते हुए समास का नाम लिखिए - 2
गंगाजल, महात्मा

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं छह के उत्तर दीजिए - 3 × 6 = 18

(i) गवरइया और गवरा के बीच किस बात पर बहस हुई और गवरइया को अपनी इच्छा पूरी करने का अवसर कैसे मिला ?

(ii) बाज जिंदगीभर आकाश में ही उड़ता रहा फिर घायल होने के बाद भी वह उड़ना क्यों चाहता था ?

(iii) बिलवासी जी ने रुपयों का प्रबंध कहाँ से किया था ?

(iv) सुदामा की दीनदशा देखकर श्रीकृष्ण की क्या मनोदशा हुई ? अपने शब्दों में लिखिए ।

(v) साइकिल आंदोलन से पुडुकोट्टई की महिलाओं के जीवन में कौन-कौन से बदलाव आए हैं ?

(vi) 'भगवान के डाकिए' कविता से आपको क्या संदेश मिलता है ?

(vii) लेखक ने स्वीकार किया है कि लोगों ने उन्हें भी धोखा दिया है, फिर भी वह निराश नहीं हैं । आपके विचार से इस बात का क्या कारण हो सकता है ?

(viii) बच्चों के ऊधम मचाने के कारण घर की क्या दुर्दशा हुई ?

5. दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 1 × 5 = 5

पहली बोलती फिल्म आलमआरा बनाने वाले फिल्मकार थे अर्देशिर एम. ईरानी । अर्देशिर ने 1929 में हॉलीवुड की एक बोलती फिल्म 'शो बोट' देखी और उनके मन में बोलती फिल्म बनाने की इच्छा जगी । पारसी रंगमंच के एक लोकप्रिय नाटक को आधार बनाकर उन्होंने अपनी फिल्म की पटकथा बनाई । इस नाटक के कई गाने ज्यों के त्यों फिल्म में ले लिए गए । एक इंटरव्यू में अर्देशिर ने उस वक्त कहा था- 'हमारे पास कोई संवाद लेखक नहीं था, गीतकार नहीं था, संगीतकार नहीं था ।

(i) पहली बोलती फिल्म कौन-सी थी ? उसका निर्माण किसने किया ?

***Turn Over***

Scanned by CamScanner

(ii) फिल्मकार को यह फिल्म बनाने की प्रेरणा कहाँ से मिली ?

(iii) पारसी रंगमंच का नाटक इस फिल्म के बनाने में किस प्रकार सहायक सिद्ध हुआ ?

(iv) निर्माता के पास उस समय कोई संवाद लेखक या संगीतकार क्यों नहीं था ?

(v) पाठ और लेखक का नाम लिखिए ।

6. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए - $1 \times 5 = 5$

मैया, कबहिं बढ़ैगी चोटी ?
किती बार मोहिं दूध पियत भई, यह अजहूँ है छोटी ।
तू जो कहति बल की बेनी ज्यौं, ह्वै है लाँबी-मोटी ।
काढ़त-गुहत न्हवावत जैहै, नागिनी सी भुइँ लोटी ।
काँचौ दूध पियावत पचि-पचि, देति न माखन-रोटी ।
सूरदास चिरजीवौ दोउ भैया, हरि-हलधरकी जोटी ।

(i) कवि एवं कविता का नाम लिखिए ।

(ii) कृष्ण माता यशोदा से क्या पूछ रहे हैं ?

(iii) माता यशोदा ने कृष्ण से क्या बताया था ?

(iv) यशोदा उन्हें खाने में क्या देती थी ? उन्हें क्या अधिक पसंद था ?

(v) यशोदा कृष्ण को क्या आशीर्वाद देती है ?

7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूरक पाठ्य पुस्तक के आधार पर दीजिए - $2 \times 5 = 10$

(क) शिवाजी कौन थे ? उनका नाम भारतीय इतिहास में क्यों प्रसिद्ध है?

(ख) सतीप्रथा क्या है ? इसे रोकने में राजा राममोहन राय ने क्या किया ?

(ग) प्रथम विश्व युद्ध के बाद लोगों की दशा कैसी थी ?

(घ) 'भारत छोड़ो' प्रस्ताव का क्या परिणाम निकला ?

(ङ) 1942 में नेताओं की गिरफ्तारी का जनता पर क्या असर हुआ ?

8. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक पर 250 शब्दों में निबंध लिखिए - 10

(i) मेरे जीवन का लक्ष्य (ii) पर्यावरण प्रदूषण (iii) रंगों का त्योहार होली

9. अपने मोहल्ले की गंदगी हटवाने के लिए स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखें । 5

**अथवा**

मित्र को पत्र लिखकर खेलों में पुरस्कार जीतने पर बधाई-पत्र लिखिए ।

***

Scanned by CamScanner